
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 36 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...जज्बा बना रहना चाहिए



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 2 मई 2020



मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 21.0° | 33717.62 | 2 चीन का भोपू बना डब्ल्यूएचओ | 7 टीम इंडिया ने गंवाया नंबर 1 का ताज

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा पुलिस ने बंद की दिल्ली–गुरुग्राम सीमा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को दिल्ली– गुरुग्राम की सीमा बंद कर दी और राष्ट्रीय राजधानी की तरफ से आने वाले लोगों और वाहनों को लौट जाने के लिए कहा गया। हालांकि हरियाणा सरकार ने कहा कि आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों को गुरुग्राम आने की अनुमति है लेकिन इसके बावजूद भी कई लोगों का दावा है कि उनके पास जरूरी अनुमति होने के बाद भी पुलिस ने उन्हें सीमा पार करने की मंजूरी नहीं दी। दिल्ली के रजोकरी में रहने वाले राहुल सिंह ने कहा, '' मैं गुरुग्राम के इफ्को चौक के एक अस्पताल में नर्स हूं लेकिन वह मुझे गुरुग्राम की सीमा में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं।

### संक्रमितों की संख्या बढ़कर 35,043 हुई, 1,147 मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के कारण 72 और लोगों के जान गंवाने के साथ ही शुक्रवार को इससे मरने वाले लोगों की संख्या 1,147 हो गई और संक्रमितों की संख्या बढ़कर 35,043 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड–19 से अब भी 25,007 लोग संक्रमित हैं जबकि 8,888 लोग स्वस्थ हो गए और एक मरीज देश छोड़कर चला गया। कुल 35,043 संक्रमितों में 111 विदेशी नागरिक शामिल हैं।

### जनरल बिपिन रावत और तीनों सेनाओं के प्रमुख करेंगे पीसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत और तीनों सेनाओं के प्रमुख शाम छह बजे छह बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। इसमें विभिन्न मुद्दों पर देश को जानकारी दी जाएगी। देश में कोरोनावायरस के बढ़ते संक्रमण के देखते हुए संभवतः यह पहला मौका है जब चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत और तीनों सेनाओं मीडिया से मुखातिब हो रहे हैं। सेना देश में कोरोना के संकट से निपटने के लिए बढ़चढ़कर हिस्सा ले रही है।

# देश के 733 जिलों का हुआ वर्गीकरण

## देश में टोटल 130 जिले रेड जोन में, ऑरेंज जोन में आए 284 जिले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लॉकडाउन का काउंटडाउन शुरू होने के साथ ही ज्यादातर लोगों के मन में इस तरह के सवाल हैं कि उनके यहां 3 मई के बाद बंदिशों में छूट मिलेगी या नहीं। अगर आपके मन में भी ऐसे सवाल हैं तो केंद्र सरकार की जिलों को जोन में बांटने वाली लिस्ट उसका बहुत हद तक जवाब देती है। केंद्र ने शुक्रवार को देश के जिलों को कोरोना वायरस के खतरे के आधार पर जोन में बांट दिया है। इन जोन से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कहां कितनी राहत मिल सकती है।

जिन जिलों में कोरोना संक्रमण का खतरा बिल्कुल कम है, वे ग्रीन जोन में हैं। कोरोना के केस वाले लेकिन अब कम जोखिम वाले जिले ऑरेंज जोन में हैं और वायरस के हॉटस्पॉट्स वाले जिले रेड जोन में हैं। ग्रीन जोन में सबसे ज्यादा राहत दी जाएगी। ऑरेंज जोन में उससे कम और रेड जोन में राहत की गुंजाइश बहुत कम है। रेड जोन में 130 जिले हैं, ऑरेंज जोन में 284 जिले और ग्रीन जोन में 319 जिलों को रखा गया है।

**केंद्र ने दी हिदायतः** भारत सरकार ने राज्यों से कहा है कि वायरस के ट्रांसमिशन की चैन तोड़ने के लिए कंटेनमेंट बेहद जरूरी है। एडवाजयरी में कहा गया है कि रेड और ऑरेंज जोन वाले जिलों में खास सावधानी बरती जाए। रेड, ऑरेंज और ग्रीन जोन वाले जिलों की यह लिस्ट हर सप्ताह अपडेट होती है। किसी जिले में अगर पिछले 21 दिन से कोई नया मामला नहीं होता तो उसे एक लोअर जोन में डाल दिया जाता है।

**ग्रीन जोन वाले जिलों को मिलेगी छूटः** देश के 319 जिले ग्रीन जोन में हैं। इन जिलों को 3 मई को खत्म हो रहे लॉकडाउन पार्ट–टू के बाद छूट दी जा सकती है। सरकार पहले ही फैक्ट्रियां और दुकानें खोलने को लेकर गाइडलाइंस जारी कर चुकी है।



### संक्रमित मामलों के अनुसार हुआ वर्गीकरण

स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन द्वारा लिखित सूचना में कहा गया है कि देश में रेड जोन के तहत 130 जिले, ऑरेंज जोन के तहत 284 जिले और ग्रीन जोन के तहत 319 जिलों को रखा गया है। हर सप्ताह इसका आकलन किया जाएगा और संक्रमित मामलों के अनुसार जोन में बदलाव होगा। स्वास्थ्य सचिव ने कहा, ग्रीन जोन के अंतर्गत उन्हीं जिलों की गिनती की जा रही है जहां अब संक्रमण का कोई मामला नहीं है। इसके तहत आने वाले जिले के पिछले 21 दिनों का रिकार्ड चेक किया जाता है।

### बढ़ा स्वस्थ्य होने का दर

शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, देश में सुबह 10 बजे तक कुल संक्रमित मामलों की संख्या 35,043 हो गई। वहीं 8000 लोग संक्रमण से निजात पा चुके हैं और इन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। केंद्र ने कहा है कि देश में फिलहाल स्वस्थ होने का दर 25.19 फीसद है जो दो सप्ताह पहले मात्र 13 फीसद थे। केंद्र द्वारा जारी नए आदेश के तहत सभी 6 महानगरों– दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद को रेड जोन में रखा गया है।

**स्वास्थ्य सचिव को कार्य विस्तार**

मौजूदा स्वास्थ्य हालातों पर संकट को देखते हुए केंद्र सरकार ने अहम फैसला किया और 30 अप्रैल को रिटायर हो रहीं स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन के कार्यकाल को तीन महीने का कार्य विस्तार दिया।

# देश में दो हफ्ते के लिए बढ़ा लॉकडाउन

## 17 मई तक पाबंदी, ग्रीन और ऑरेंज जोन में बहुत हद तक ढील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लॉकडाउन की अवधि फिर से दो हफ्ते के लिए बढ़ा दी गई है। देशभर को रेड, ऑरेंज और ग्रीन जोनों में बांटा जा रहा है। ग्रीन जोन में सभी बड़ी आर्थिक गतिविधियों की छूट दे दी गई है। ताजा आदेश के मुताबिक, ग्रीन जोनों में बसें चल सकेंगी, लेकिन बसों की क्षमता 50 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होगी। यानी, अगर किसी बस में 50 सीटें हैं तो उसमें 25 से ज्यादा यात्री नहीं चढ़ेंगे। इसी तरह, डीपो में भी 50 प्रतिशत से ज्यादा कर्मचारी काम नहीं करेंगे।

**देश में अभी 307 जिले ग्रीन जोन में:** देश में कुल 739 जिले हैं, जिनमें से 307 अब भी कोरोना से अछूते हैं यानी 40 प्रतिशत से भी ज्यादा। ये 319 जिले ग्रीन जोन्स हैं। 3 मई के बाद इन जिलों में फैक्ट्रियों, दुकानों, छोटे–मोटे उद्योगों समेत ट्रांसपोर्ट और अन्य सेवाओं को भी शर्तों के साथ पूरी तरह खोलने की अनुमति दे दी गई है।

**अहरेंज जोन में 284 जिले** ऑरेंज जोन में उन जिलों को शामिल किया गया है जहां कोरोना मरीजों की संख्या कम है और वहां संक्रमण फैलने का खतरा भी कम है। चूंकि यहां कोविड–19 मरीज हैं, इसलिए इन्हें ग्रीन जोन में नहीं रखा जा सकता है और खतरा ज्यादा नहीं होने के कारण इन्हें रेड जोन में भी नहीं रखा गया है।

### ऑरेंज जोन में बसें नहीं, कैब की अनुमति

ऑरेंज जोन में बसों के परिचालन की छूट नहीं होगी, लेकिन कैब की अनुमति होगी। कैब में ड्राइवर के साथ एक ही पैसेंजर हो सकता है। ऑरेंज जोन में इंडस्ट्रियल ऐक्टिविटीज शुरू होगी और कॉम्प्लेक्स भी खुलेंगे। रेड जोन में नई की दुकानें, सैलून आदि बंद रहेंगे। विस्तृत जानकारी गृह मंत्रालय की तरफ से दी जाएगी।

### पहली बार रेलवे ने चलाई स्पेशल यात्री ट्रेन

नई दिल्ली। रेलवे ने लॉकडाउन शुरू होने के बाद से पहली बार शुक्रवार को किसी पैसेंजर ट्रेन को चलाई। यह स्पेशल ट्रेन तेलंगाना के लिंगमपल्ली में फंसे 1,200 प्रवासियों को झारखंड के हटिया तक ले जाने के लिए रवाना की गई, जो रात करीब 11 बजे हटिया पहुंचेगी। ध्यान दें, यह स्पेशल ट्रेन है। अभी सिर्फ यही एक ट्रेन चलाई गई है, बाकी जगहों पर ट्रेनें नहीं चल रही हैं। रेलवे पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि बिना केंद्र सरकार के निर्देश के ट्रेनों को चलाने का सवाल ही नहीं है। आरपीएफ के डीजी अरुण कुमार ने बताया, 24 बोगियों वाली यह ट्रेन शुक्रवार सुबह 4 बजकर 50 मिनट पर रवाना हुई। उन्होंने बताया कि यह प्रवासियों के लिए अब तक चलने वाली पहली ट्रेन है। संयोग से शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस भी है।

# लॉकडाउन में फंसे लोगों के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

■केरल से ओडिशा के लिए रवाना होगी दूसरी ट्रेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लॉकडाउन की वजह से अलग–अलग राज्यों में फंसे लोगों के लिए बेहद अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने उनके लिए स्पेशल ट्रेन्स चलाने की परमिशन दे दी है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक में इस बारे में फैसला हुआ। इस मीटिंग में पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा, गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री पीयूष गोयल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत, कैबिनेट सचिव राजीव गौबा और पीएम के प्रधान सचिव पीके मिश्रा शामिल रहे।

**रेलवे को है इस बात की चिंताः** रेलवे के लिए परेशानी का सबब ये है कि ट्रेनें चलाने के ऐलान के बाद कहीं स्टेशंस पर भारी भीड़ ना जुट जाए। मुंबई में ऐसी ही अफवाह पर हजारों प्रवासी मजदूर घर जाने के लिए बान्द्रा स्टेशन पर जमा हो गए थे। रेलवे को टेंशन है कि अगर दोबारा ऐसा हुआ तो हालात बेकाबू हो जाएंगे। इतनी भीड़ में सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ जाएंगी और कोरोना वायरस संक्रमण का खतरा कई गुना बढ़ जाएगा।

कोरोना वायरस लॉकडाउन में फंसे लोगों को घर भेजने के लिए आज दूसरी स्पेशल ट्रेन केरल के अलुवा से ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के लिए रवाना होगी।

# इमरान खुद फेल, पर भारत को दे रहे ज्ञान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूरा पाकिस्तान कोरोना वायरस से जूझ रहा है। वहां रोज मामले बढ़ रहे हैं मगर प्रधानमंत्री इमरान खान के पास भारत को कोसने से फुर्सत नहीं है। अपने मुल्क की दिक्कतें उनसे दूर नहीं होतीं पर भारत के मामलों में टांग जरूर अड़ाते हैं।

भारत कोई प्रतिक्रिया दे या ना दे, इमरान का इंडिया–इंडिया चलता रहता है। पहले तो बड़ा कहते फिरे कि लॉकडाउन नहीं करेंगे, पाकिस्तान को कुछ नहीं होगा। फिर जब कोरोना के मामले बढ़ने लगे तो इमरान ने लॉकडाउन कर दिया।

### इमरान दे रहे कोरोना पर मोदी को नसीहत

इस्लामाबाद के एक कार्यक्रम में बोलते–बोलते इमरान डिप्लोमेसी की मर्यादाएं भूल गए। भारत के बारे में इमरान ने कहा, वो जो उनका स्ट्रॉन्गमैन नरेंद्र मोदी है, कहते हैं उसका 50 इंच का चेस्ट है। वो इतना डरपोक निकला, एकदम उसने सारा बंद कर दिया। सोचा ही नहीं कि आम आदमी की जिंदगी क्या होगी।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in